बंदरों का न्याय

प्रश्न-1 लखपतराम दूध बेचने में क्या बेईमान करता था ?
उत्तर-लखपतराम दूध में पानी मिलाकर बेचने की बेईमानी करता था।

प्रश्न-2 लखपत राम अपने ग्राहकों से किस प्रकार वसूली करता था?
उत्तर- लखपतराम हर चार महीने बाद दूध का हिसाब-किताब करके अपने ग्राहकों से पैसे वसूल करता था।

प्रश्न-3 बंदरों ने उसका एक थैला नदी में फेंककर दूसरा वापिस क्यों कर दिया ?
उत्तर- बंदरों ने उसका एक थैला नदी में फेंककर दूसरा वापस कर दिया क्योंकि एक थैले में बेईमानी के पैसे थे और दूसरे थैले में ईमानदारी के ।

प्रश्न-4 महात्मा जी ने लखपत राम को क्या उपदेश दिया ?
उत्तर-महात्मा जी ने लखपतराम को यह उपदेश दिया कि तुमने यह धन ईमानदारी से नहीं कमाया होगा, इसलिए बंदरों ने तुम्हारे आधे पैसे नदी में बहा दिए और आधे तुम्हें वापस लौटा दिए।

प्रश्न-5 लखपत राम ने क्या प्रतिज्ञा की ?
उत्तर-लखपत राम ने यह प्रतिज्ञा की कि अब कभी भी बेईमानी से कुछ नहीं कमाएगा।